# बाल-साहित्य लेखन प्रतियोगिता

## 2023

## हिंदी

चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली

**चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट (सी बी टी) की ग्यारहवीं हिंदी बाल-साहित्य लेखन प्रतियोगिता 2023 के लिए पांडुलिपियां आमंत्रित हैं।**

**वर्ग I उपन्यास (12 वर्ष से अधिक बच्चों के लिए):** इस वर्ग में भारतीय संस्कृति व इसी पृष्ठभूमि पर आधारित वास्तविक विषयों पर लड़की/लड़के पर केंद्रित कहानियां शामिल हैं। यह वर्तमान जीवन परिदृश्य से संबंधित या बहुत पहले घटित घटनाओं के चित्रण को दर्शाती कहानियां भी हो सकती हैं। कथानक में सुस्पष्टता, सहजता और एक सशक्त कथावस्तु होनी चाहिए। **(25-30,000 शब्द)**

**वर्ग II बाल मन से जुड़ा अकथा-साहित्य (क) 7-10 वर्ष/ (ख) 11-13 वर्ष):** इस वर्ग में लेखकों की ऐसी कल्पनाएं शामिल होंगी जो विभिन्न सूचनात्मक विषयों पर केंद्रित हों। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक, लेखक इसमें उल्लेखनीय पुरुष एवं महिला निर्माताओं के बारे में भी लिख सकते हैं। **(क: 5,000 शब्द / ख: 10,000 शब्द)**

**वर्ग III संघर्षशील लड़कियां व साहसी लड़के (12 वर्ष से अधिक):** ऐसे लड़के और लड़कियों की प्रेरक कहानियां जिन्होंने सामाजिक विकास में उल्लेखनीय कार्य को आगे बढ़ाते हुए इतिहास रचा हो; ऐसे पुरुष और महिला के बारे में जो पाठकों को उनके जीवन में आने वाली चुनौतियों और बाधाओं का धैर्य से सामना करने की हिम्मत दे। **(3,000 शब्द)**

**वर्ग IV कहानियां (9-12 वर्ष):** वास्तविक जीवन के अनुभव; इतिहास में हुए बड़े बदलाव; दिव्यांगता, बीमारी, दुख या किसी को खो देने की पीड़ा का सामना करते लोगों की प्रेरणादायक कहानियां; बच्चे से किशोरावस्था तक आने का सुख व पीड़ा; स्कूली जीवन के मज़ाकिया/हलके-फुलके किस्से; मनोरंजक किस्से जो आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करें। **(2,000 शब्द)**

**वर्ग V कहानियां जिनका अंत रोमांचक हो (9-12 वर्ष):** क्या इससे दिलचस्प कुछ हो सकता है कि कहानी में अंत आते-आते कल्पना से परे कोई मोड़ आ जाए? हम सबने ऐसा पल ज़रूर महसूस किया होगा जब किसी मनोरंजक पुस्तक या फिल्म के अंतिम दृश्य कुछ ऐसे हो गए हों कि उसने हमारी कल्पना से परे हमें आश्चर्य से भर दिया हो। तो ऐसी मस्ती से बच्चे क्यों दूर रहें! **(2,000 शब्द)**

**वर्ग VI जादू-भरी कहानियां (9-12 वर्ष):** उन्मुक्त कल्पनाओं से युक्त परियों-अप्सराओं, रहस्यमय पहाड़ों, मायावी जंगलों, जादुई सम्मोहन और वास्तविक जादूगरों की रोचक कहानियां इस वर्ग में शामिल की जाएंगी। **(5,000 शब्द)**

**वर्ग VII स्वस्थ आदतें (9-12 वर्ष):** अच्छा पोषण और शारीरिक फिटनेस उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि भावनात्मक स्वास्थ्य और उचित आराम। फिर भी अधिकांश बच्चे

आज स्वस्थ खानपान या खेल की गतिविधियों में न शामिल होकर स्क्रीन के सामने घंटों बैठना चाहते हैं। इस श्रेणी में हम अच्छी दिनचर्या और तनाव से निपटने की ओर ध्यान दिलाना चाहते हैं। **( 1,000 शब्द )**

**वर्ग VIII रीड-अलाउड/चित्र पुस्तकें ( 5-8 वर्ष ):** इस वर्ग में सरल कथानकों वाली वास्तविक या काल्पनिक स्थितियों वाली कहानियां शामिल की जाएंगी; ऐसी गुदगुदाने वाली किताबें जिनके विषय व पात्र रोचक हों। रचनाएं ऐसी हों कि उसके पूरे कथानक को मुख्य रूप से चित्रों के माध्यम से स्पष्ट किया जा सके। अपनी पांडुलिपि के साथ लेखकों को चित्र/रेखाचित्र भेजने की आवश्यकता नहीं है। **( 500-600 शब्द )**

**वर्ग IX सामाजिक-भावनात्मक सीख ( कः 3-5 वर्ष/खः 5-8 वर्ष ):** इस वर्ग में ऐसी कहानियां शामिल हों जो बच्चों को अपनी और दूसरों की भावनाओं को समझने में मदद करें तथा उनमें सामाजिक कौशल को बढ़ावा दें, जैसे कि दोस्ती, समस्या समाधान, दुःख और क्रोध से निपटना, चुनौतियों पर काबू पा लेना, खतरे में भी हिम्मत रखना, दया और करुणा का भाव रखना, स्वयं पर नियंत्रण रखना आदि। **( कः 200-300 शब्द/खः 500-600 शब्द )**

**वर्ग X कॉन्सेप्ट आधारित कहानियां ( 3-5 वर्ष ):** अकथा-साहित्य की शैली पर आधारित होने के कारण इस वर्ग की रचनाएं वास्तविकता पर केंद्रित न होकर वैचारिक या तथ्यपरक होनी चाहिएं। इसका उद्देश्य है कि बच्चे शब्दों, स्थितियों तथा चीज़ों के साथ उनके संबंध को समझ सकें और उनका इस्तेमाल उनकी संवेदी व तार्किक निपुणताओं का विकास करने में हो सके। इनमें हास्य व लय जैसी विशेषताएं निहित हो सकती हैं। **( अधिकतम 250 शब्द )**

**वर्ग XI पालतू पशुओं की कहानियां ( 5-8 वर्ष ):** बड़े-छोटे कुत्ते-बिल्ली हों या उनके बच्चे, उन्हें आपके दिल में स्थान बनाना या परिवार का हिस्सा बन जाना अच्छी तरह आता है। जहां कुत्ते-बिल्लियां हमारे वफादार बन जाते हैं, वहां उनके शरारती बच्चे अपनी शरारतों से हमारा मन मोह लेते हैं। हमें इस वर्ग में ऐसी ही मज़ेदार कहानियों की प्रतीक्षा है जो इन नन्हें पालतू जीवों के बारे में हों। **( 500 शब्द )**

**वर्ग XII मनगढंत किस्से बनाम वास्तविक सच्चाई ( 4-7 वर्ष ):** बहुत कम उम्र में ही बच्चे काल्पनिक कहानियां बनाने की क्षमता विकसित कर लेते हैं जिससे वे अपनी बात मनवा लेते हैं—उनकी गलतियां छिप जाती हैं, वे सज़ा से बच जाते हैं या लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। यहां उद्‌देश्य इन भोले-भाले बच्चों को यह सिखाने का है कि वह मधुर अर्धसत्य को न अपनाएं, बस सदा सत्य को अपनाएं भले ही वह कितना भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हो। **( 350 शब्द )**

# पुरस्कार

**वर्ग I : उपन्यास**

**12 वर्ष से अधिक • 25-30,000 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹25,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹20,000 |

**वर्ग II (क) : बाल मन से जुड़ा अकथा साहित्य**

**7-10 वर्ष • 5,000 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹9,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹8,000 |

**वर्ग II (ख) : बाल मन से जुड़ा अकथा साहित्य**

**11-13 वर्ष • 10,000 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹10,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹9,000 |

**वर्ग III : संघर्षशील लड़कियां व साहसी लड़के**

**12 वर्ष से अधिक • 3,000 शब्द**

| | |
|---|---|
| छह पुरस्कार | ₹5,500 प्रत्येक |

**वर्ग IV: कहानियां**

**9-12 वर्ष • 2,000 शब्द**

| | |
|---|---|
| 20 पुरस्कार | ₹5,000 प्रत्येक |

**वर्ग V : कहानियां जिनका अंत रोमांचक हो**

**9-12 वर्ष • 2,000 शब्द**

| | |
|---|---|
| 15 पुरस्कार | ₹5,000 प्रत्येक |

**वर्ग VI : जादू-भरी कहानियां**

**9-12 वर्ष • 5,000 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹9,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹6,500 |

**वर्ग VII : स्वस्थ आदतें**

**9-12 वर्ष • 1,000 शब्द**

| | |
|---|---|
| 15 पुरस्कार | ₹3,000 प्रत्येक |

**वर्ग VIII : रीड अलाउड/चित्र पुस्तकें**

**5-8 वर्ष • 500-600 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹9,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹7,500 |

**वर्ग IX (क) : सामाजिक-भावनात्मक सीख**
**3-5 वर्ष • 200-300 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹7,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹5,500 |

**वर्ग IX (ख) : सामाजिक-भावनात्मक सीख**
**5-8 वर्ष • 500-600 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹9,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹7,500 |

**वर्ग X : कॉन्सेप्ट आधारित कहानियां**
**3-5 वर्ष • अधिकतम 250 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹7,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹5,500 |

**वर्ग XI : पालतू पशुओं की कहानियां**
**5-8 वर्ष • अधिकतम 500-600 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹9,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹7,500 |

**वर्ग XII : मनगढंत किस्से बनाम वास्तविक सच्चाई**
**4-7 वर्ष • 350 शब्द**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹7,000 |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹5,500 |

## नियमावली

1. प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं।
2. चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक व मनोरंजक पांडुलिपियां आमंत्रित कर रहा है। **पाठ्य-पुस्तक रूपी सामग्री नहीं स्वीकार की जाएगी।**
3. **प्रत्येक पांडुलिपि पर शब्द संख्या लिखी होनी चाहिए।** निर्धारित शब्द सीमा से अधिक होने पर पांडुलिपि को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
4. **दिए गए तथ्यों (विशेषकर वर्ग II क और ख–अकथा साहित्य) के बारे में संदर्भ सूची/वेबसाइट का नाम देना अनिवार्य है।**
5. रचनाएं हिंदी भाषा में होनी चाहिए। यह कागज़ के एक तरफ डबल स्पेस में कम-से-कम एक इंच का मार्जिन छोड़ कर टाइप होनी चाहिए। कंप्यूटर प्रिंट-आउट या पांडुलिपि की फोटोस्टेट प्रति सुपाठ्य और स्पष्ट होनी चाहिए। हर रचना की दो प्रतियां भेजनी होंगी।

**ई-मेल द्वारा भेजी गई प्रविष्टियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

6. प्रतियोगिता पूर्णतया निःशुल्क है। **प्रतियोगी प्रत्येक वर्ग में अधिकतम तीन प्रविष्टियां भेज सकता है, सिवाय वर्ग IV (कहानियां) के, जिसमें पांच प्रविष्टियां तक भेजी जा सकती हैं। प्रत्येक पांडुलिपि को अलग ही माना जाएगा।**
7. पांडुलिपि के ऊपर वर्ग क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। प्रत्येक प्रविष्टि रचनाकार का मौलिक व अप्रकाशित कार्य होना चाहिए। एक घोषणा-पत्र संलग्न होना आवश्यक है कि लेखक प्रतियोगिता के सारे नियम मानने के लिए सहमत है। एक से अधिक प्रविष्टि होने पर घोषणा-पत्र की फोटोस्टेट प्रति का प्रयोग किया जा सकता है।
8. इस घोषणा-पत्र पर लेखक का पूरा नाम व पता स्पष्ट और बड़े अक्षरों में लिखा होना चाहिए। प्रतियोगी द्वारा इस प्रकार का कोई भी विवरण पांडुलिपि के ऊपर नहीं लिखा जाना चाहिए।
9. सी बी टी द्वारा पूर्व आयोजित प्रतियोगिताओं में भेजी गई रचनाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।
10. लेखक के समझौता प्रसंविदा हस्ताक्षर होने के संबंध में भारत गणराज्य के कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 14 में निर्धारित सभी अधिकार सी बी टी के लिए निहित होंगे। लेखक द्वारा इसके किसी भी प्रावधान पर आपत्ति करने/असहमति जताने पर पुरस्कार को निरस्त कर लेखक को उसकी पांडुलिपि लौटा दी जाएगी।
11. पुरस्कृत पांडुलिपि सी बी टी द्वारा पुस्तक के रूप में प्रकाशित की जाएगी। इस विषय पर अंतिम निर्णय सी बी टी का होगा। आवश्यकता पड़ने पर लेखक को अपनी पुरस्कृत पांडुलिपि सीडी में उपलब्ध करानी होगी।
12. पुरस्कार की धनराशि का भुगतान भारतीय मुद्रा में किया जाएगा।
13. अगर कोई पुरस्कृत रचना एकाधिक लेखक/लेखिकाओं द्वारा भेजी गई होगी, तो पुरस्कार की धनराशि उनमें बराबर वितरित कर दी जाएगी।
14. जिस पांडुलिपि को पुरस्कार मिल चुका होगा और उसकी धनराशि पूर्णतया चुकता कर दी गई होगी, उस पर भविष्य में किसी भी मद में कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।
15. किसी वर्ग में यदि कोई भी प्रविष्टि उपयुक्त नहीं पाई जाती, तो उसके पुरस्कार को घोषित न करने का अधिकार सी बी टी के पास रहेगा।
16. अपुरस्कृत पांडुलिपि को प्रकाशन योग्य समझे जाने पर लेखक की सहमति से प्रकाशित करने की संभावना होगी, यह सी बी टी के निर्णय पर निर्भर होगा।
17. प्रविष्टियां निम्न पते पर भेजें:

    **बाल-साहित्य लेखन प्रतियोगिता**

    **चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट**

    **नेहरू हाउस, 4 बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002**

18. प्रविष्टियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि **30 जून 2023** है।
19. प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियां सी बी टी द्वारा नियुक्त निर्णायक समिति द्वारा जांची जाएंगी। समिति का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।
20. प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा **31 अक्तूबर 2023** को या तदुपरांत, जब भी संभव होगा, की जाएगी।
21. पांडुलिपि के खो जाने या उसे अन्य किसी प्रकार की क्षति पहुंचने के लिए सी बी टी उत्तरदायी नहीं होगा।
22. अपुरस्कृत पांडुलिपियां सी बी टी द्वारा वापिस नहीं भेजी जाएंगी। परिणाम-घोषणा के तीन महीने तक ही उन्हें सुरक्षित रखा जाएगा।
23. कोई भी कानूनी विवाद होने पर उसे दिल्ली न्यायालय क्षेत्र में सुलझाया जाएगा।

## **घोषणा-पत्र**

देखिए नियम-7

(कृपया स्पष्ट और बड़े अक्षरों में भरें)

मैं.................................................................... प्रमाणित करता/करती हूं कि इस घोषणा-पत्र के साथ संलग्न वर्ग..................................में लिखित पांडुलिपि ............................................................मेरी निजी, मौलिक और अप्रकाशित रचना है। इसे किसी अन्य प्रतियोगिता में या प्रकाशन हेतु कहीं दाखिल नहीं किया गया है। मैं प्रतियोगिता के समस्त नियमों का पालन करने के लिए सहमत हूं।

दिनांक (हस्ताक्षर)

पता..........................................................................................................

...............................................................................................................

राज्य..............................................................................पिन.......................

टेलीफोन.....................................ई-मेल........................................................

हस्ताक्षर सहित यह घोषणा-पत्र पांडुलिपि के साथ संलग्न होना चाहिए।

चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट (सी बी टी) विश्वविख्यात कार्टूनिस्ट शंकर की प्रखर बुद्धि और एक गहरी सोच का साकार रूप है। सी बी टी ने अपने साठ साल से अधिक प्रकाशन काल में बच्चों के लिए चित्र-पुस्तक, रहस्य-रोमांच, लोककथाएं व ऐतिहासिक उपन्यास, सांस्कृतिक मूल्यों, विज्ञान व तकनीक आदि विभिन्न विषयों पर बेहतरीन पुस्तकें प्रकाशित कर इस क्षेत्र में एक नया प्रतिमान स्थापित किया है।

दिलचस्प शैली, साफ-सुथरी कथावस्तु, जीवंत चित्र और आकर्षक छपाई से युक्त ये पुस्तकें विभिन्न आयु वर्ग के लाखों बच्चों के लिए किसी अमूल्य धरोहर से कम नहीं हैं। सी बी टी की अधिकांश प्रकाशित पुस्तकें, समय-समय पर आयोजित बाल-साहित्य लेखन प्रतियोगिताओं में प्राप्त प्रविष्टियां हैं। इस तरह चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट बाल-साहित्य लेखन और प्रकाशन के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है।


TM

# चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट

नेहरू हाउस,

4 बहादुरशाह ज़फर मार्ग
नई दिल्ली-110002

दूरभाष: 23316970-74
ई-मेल: cbtnd@cbtnd.com

childrensbooktrust.nd@gmail.com
वेबसाइट: www.childrensbooktrust.com
www.childrensbooktrust.org